"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 205] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 29 जुलाई 2010—श्रावण 7, शक 1932

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, डाक कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 29 जुलाई 2010

अधिसूचना

क्रमांक 2-115/दो-गृह/रापुसे/2009.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतदद्वारा, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (तृतीय श्रेणी अराजपत्रित उप निरीक्षक कार्टोग्राफर/फोटोग्राफर/एम. ओ. बी.) सेवाओं में भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :-

नियम

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ :** (1) ये नियम छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालक (तृतीय श्रेणी अराजपत्रित उप निरीक्षक कार्टोग्राफर/फोटोग्राफर/एम. ओ. बी.) सेवा भर्ती नियम, 2010 कहलाएंगे.

    (2) इसका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा.

    (3) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. परिभाषाएं.– इस नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों:–

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी;

(ख) "चयन समिति" से अभिप्रेत है, नियम–6 के उप–नियम (1) के खण्ड (क) के अधीन भर्ती के प्रयोजन के लिए विभागाध्यक्ष द्वारा गठित चयन समिति;

(ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, नियम–11 के अधीन भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा;

(घ) "प्रथम चरण" से अभिप्रेत है, शारीरिक मापतौल तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा;

(ङ) "द्वितीय चरण" से अभिप्रेत है, साक्षात्कार;

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमो से संलग्न अनुसूची;

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(झ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, समय समय पर यथा संशोधित अधिसूचना कमांक एफ–8–5–पच्चीस–4–84, तारीख 26 दिसम्बर, 1984 में यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ञ) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य;

(ट) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालक (तृतीय श्रेणी अराजपत्रित उप निरीक्षक कार्टोग्राफर/फोटोग्राफर/एम.ओ.बी.) सेवा;

(ठ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ का राज्यपाल;

(ड) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन।

3. **विस्तार तथा प्रयोज्यता.**– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबंधो की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. सेवा का गठन.– सेवा में निम्नालिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात्:–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के समय अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूलतः धारण कर रहें हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गए हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गए हों।

5. **वर्गीकरण तथा वेतनमान इत्यादि.**– सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदो की संख्या तथा उससे संलग्न वेतनमान अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होंगे।

परन्तु शासन सेवा में सम्मिलित पदो की संख्या में समय समय पर स्थाई या अस्थाई आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगा।

6. **चयन समिति.**– (1) इस उप–नियम के अन्तर्गत सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए चयन समिति का गठन पुलिस महानिदेशक द्वारा निम्नानुसार किया जाएगा:–

(1) पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित पुलिस महानिरीक्षक – अध्यक्ष

(2) पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित दो पुलिस उप–महानिरीक्षक – सदस्य

परन्तु यह कि, चयन समिति का कम से कम एक सदस्य अनिवार्य रूप से अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से होगा। पुलिस महानिरीक्षक के स्तर के अधिकारी की अनुपलब्धता की दशा में समकक्ष श्रेणी से एक अधिकारी को रखा जा सकेगा।

(2) उप–समितियां.– शारीरिक नापतौल तथा शारीरिक प्रवीणता परीक्षा एवं नापजोख रिकार्ड करने के लिए समिति के अध्यक्ष द्वारा आवश्यकतानुसार उप–समितियां बनाई जा सकेंगी। प्रदर्शन/मूल्यांकन के रिकार्ड संधारण की प्रमाणिकता के लिए इस समिति के सदस्य उत्तरदायी होंगे। चयन समिति उपयुक्त आवश्यक मामलों में पुनः नापजोख करने के लिए स्वतंत्र होगी।

7. **भर्ती की पद्धति.**–(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात, सेवा में भर्ती निम्नालिखित पद्धतियों द्वारा की जाएगी, अर्थात्:–

(क) अनुसूची–चार में यथा विनिर्दिष्ट चयन समिति के द्वारा, आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयन द्वारा सीधी भर्ती करके;

(ख) अनुसूची–चार में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के ऐसे सदस्यों की पदोन्नति द्वारा,

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पद, जो की इस निमित्त विनिर्दिष्ट हो, मूल हैसियत में धारण करते हों।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किए गए व्यक्तियों की संख्या, किसी भी समय अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के, अनुसूची–दो में वर्णित प्रतिशत से अधिक नही होगी।

(3) इन नियमो के उपबंधो के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी ऐसी रिक्ति या रिक्तियों को, जिन्हे भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी।

(4) उप–नियम (1) में अर्न्तविष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती संबंधी उन पद्धतियों से भिन्न जो उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट है, ऐसी पद्धति अपना सकेगा, जो वह इस निमित्त जारी किए गए आदेश द्वारा विहित करे।

(5) भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को, चयन प्रकिया में सम्मिलित होने के लिए प्रतियोगी परीक्षा हेतु शासन द्वारा विहित किए गए प्रारुप में आवेदन पत्र पुलिस उप महानिरीक्षक, (अपराध अनुसंधान विभाग), पुलिस मुख्यालय, रायपुर को प्रस्तुत करना चाहिए।

(6) अभ्यर्थी को भर्ती हेतु आवेदन पत्र के प्रारूप में विशिष्ट रूप से उस पद के नाम का उल्लेख करना होगा, जिसमें भर्ती के लिए वह इच्छुक है। संयुक्त भर्ती प्रक्रिया की स्थिति में, एक अभ्यर्थी एक पद हेतु एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगा।

(7) आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के प्रारूप में कोई गलत जानकारी देना या किसी तथ्यात्मक जानकारी को छिपाना अनर्हता समझी जाएगी। ऐसे कृत्य पर अभ्यर्थी को शासन के अधीन, नियुक्ति (नियोजन) में या सेवा, में निरन्तर बने रहने का अधिकार नहीं होगा तथा परिणामतः उसकी सेवाएं तत्काल, बिना कोई सूचना दिए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जाएंगी।

(8) उप–नियम (1) के खण्ड (क) के अधीन प्रतियोगी परीक्षा द्वारा चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी, अर्थात्:–

(एक) शारीरिक प्रमाप का मानः– अभ्यर्थी का शारीरिक परीक्षण नियम–9 के उप–नियम (3) में यथा विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हताओं के अनुसार किया जाएगा।

टिप्पणीः– शारीरिक माप के संबंध में किसी विवाद की दशा में, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा।

(दो) आवेदन प्रपत्रों के जमा करने के समय ही दस्तावेजों की जांच भी पूर्ण कर ली जाएगी तथा इनके सही पाए जाने पर,संबंधित अभ्यर्थियों का शारीरिक नापजोख, नियम 9 (3) के (क) से (घ) के अनुसार (दृष्टि जॉच एवं ऑखो से संबंधित अन्य जांच को छोड़कर) तत्काल ही किया जाएगा तथा चयन प्रक्रिया के अग्रिम प्रक्रम में उपस्थित होने हेतु अनुमति पत्र उन अभ्यर्थियों को ही दिया जाएगा, जो शारीरिक नापजोख में उपयुक्त पाए गए हों।

(तीन) शारीरिक नापजोख में उपयुक्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में उपस्थित होने हेतु अनुज्ञात किया जाएगा।

(चार) शारीरिक दक्षता परीक्षाः– तीन किलो मीटर दौड़/चाल–पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 30 मिनिट एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 45 मिनट में निर्धारित है।
यह स्पर्धा प्रकृति में अर्हकारी होगी.–

शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान आयोजित शारीरिक नापजोख नियम 9 (3) के खण्ड (क) से (घ) के अनुसार पुनः किया जाएगा।

वे अभ्यर्थी जो अर्हित होंगे तथा तीन किलो मीटर की दौड़/चाल की स्पर्धा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करते हैं, वे ही साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिए पात्र होंगे।

यह स्पर्धा प्रकृति में अर्हकारी होगी एवं उपरोक्त स्पर्धाओं के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

(पांच) साक्षात्कार.– साक्षात्कार 100 अंकों का होगा।

(छ.) बोनस अंक.– अभ्यर्थियों को नीचे उल्लेखित विशेष योग्यताओं को रखना आवश्यक है, प्रत्येक योग्यता हेतु 10 अंक दिए जाएंगे। तथापि, बोनस अंक कुल मिलाकर 20 से अधिक

नहीं होंगे अर्थात् दो से अधिक विशेष योग्यता होने पर भी बोनस अंक केवल 20 ही देय होंगे। यह बोनस अंक साक्षात्कार हेतु निर्धारित अंकों के अतिरिक्त होंगे।

(क) एन.सी.सी. "सी" प्रमाण पत्र ----- सभी पदों के लिए

(ख) किसी भी शासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से फोटोग्राफी/विडियोग्राफी में 03 वर्ष का व्यवहारिक कार्य अनुभव -----उपनिरीक्षक (फोटोग्राफर) हेतु

(ग) छ.ग. शासन की मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर ग्राफिक्स साफ्टवेयर में सर्टीफिकेट/डिप्लोमा -----उपनिरीक्षक (कार्टोग्राफर) हेतु

8. **सेवा में नियुक्ति.**– इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियॉ, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम–6 में यथा विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीके में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात ही की जाएगी अन्यथा नहीं।

9. **सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता की शर्ते.**–(1) अभ्यर्थियों को पात्रता के लिए निम्नलिखित शर्ते पूरी करनी होगी, अर्थात्:–

10.

(एक) ऐसे अभ्यर्थी, जो पुलिस विभाग में किसी भी पद पर कार्य कर रहे हों या कम से कम 1 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हों केवल वे ही उप–निरीक्षक (एम.ओ.बी.) के पद हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

(दो) आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का वास्तविक (स्थानीय) निवासी होना अनिवार्य है।

(तीन) अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(2) **आयु.**– (क) विज्ञापन के जारी होने की तारीख के बाद की आगामी जनवरी के प्रथम दिवस को उसने अनुसूची–तीन के कॉलम (4) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो और उक्त अनुसूची के कॉलम (5) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम पांच वर्षों तक शिथिल की जाएगी;

(ग) उन अभ्यर्थियों की भी, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों, अथवा रह चुके हों किन्तु जो शासकीय सेवा में कार्यग्रहण हेतु अन्यथा निरर्हित न हो उच्चतर आयु सीमा उस सीमा तक तथा निम्नलिखित शर्तो के अधीन रहते हुए शिथिल की जाएगी:–

(एक) कोई अभ्यर्थी, जो स्थाई शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

(दो) कोई अभ्यर्थी, जो अस्थाई पद धारण कर रहा है तथा किसी अन्य पद के लिए आवेदन कर रहा है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नही होना चाहिए। यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी अनुज्ञेय होगी।

(तीन) कोई अभ्यर्थी, जो छंटनी किया गया शासकीय सेवक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थाई सेवा की अधिक से अधिक 07 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह एक से अधिक बार में की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरणः– पद "छटनी किए गए सरकारी कर्मचारी" से अभिप्रेत है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य अथवा किन्ही भी संघटक इकाई की अस्थाई सरकारी सेवा में निरंतर कम से कम 6 माह रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किए जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हो।

(घ) ऐसे अभ्यर्थी को जो भूतपूर्व सैनिक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरणः– पद "भूतपूर्व सैनिक" से अभिप्रेत है, ऐसा व्यक्ति जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो और जिसकी रोजगार कार्यालय में अपना नाम पंजीकृत कराने की अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से, अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरुप, या कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी किए जाने के कारण छटनी की गई है या जो अतिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया होः–

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें सेवा निवृत्ति रियायतो (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(2)ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो दूसरी बार नामांकित किए गए हों, और जिन्हेः–

(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण हो जाने पर,

(ख) नामांकन संबंधी शर्तों के पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो।

(3) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक), जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित है, जो उनकी संविदा के पूर्ण होने पर सेवोन्मुक्त किए गए हों;

(4) ऐसे अधिकारी जिन्हे अवकाश रिक्तियों पर छः मास से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हों;

(5) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हे अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो;

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हे इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हे गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(ङ) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्ड धारक अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा 2 वर्षों तक शिथिल की जाएगी।

(च) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पतियों के सवर्ण पति/पत्नि के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक के लिए शिथिल की जाएगी ।

(छ) शहीद राजीव पाण्डेय पुरूस्कार, गुण्डाधुर सम्मान, महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव सम्मान एवं राष्ट्रीय युवा पुरूस्कार, प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ज) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडल के कर्मचारी है, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 38 वर्ष की आयु तक शिथिलनीय होगी;

(झ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नान–कमींशंड अधिकारियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की कालावधि तक 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हए शिथिल की जाएगी, किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

टिप्पणी:–(1) उपर्युक्त खण्ड (ग) के उप–खण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लेखित आयु संबंधी रियायतो के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन के लिए सम्मिलित किया गया है, वे यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् या परीक्षा/चयन के पहले अथवा बाद में सेवा से त्याग पत्र दे दें, तो वे नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। तथापि, यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् इनकी सेवा या पद से छंटनी की जाए तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे।

(2) किसी भी अन्य मामले में ये आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जाएंगी। विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन में उपसंजात होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति अवश्य ही प्राप्त करनी होगी।

(3) **शारीरिक अर्हता**.– अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित शारीरिक अर्हताएं होनी आवश्यक होगी:–

(क) ऊँचाई : 168 सेंमी या उससे अधिक (पुरुष अभ्यर्थियों के लिए)
153 सेंमी या उससे अधिक (महिला अभ्यर्थियों के लिए)

(ख) सीना : बिना फुलाये 81 सेंमी
फुलानें पर 86 सेंमी.

(अभ्यर्थी का सीना फुलाने एवं बिना फुलानें में कम से कम 5 सेंमी. का अंतर होना आवश्यक है। इस विषय पर किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। महिला अभ्यर्थी इस शारीरिक अर्हता से मुक्त होंगी)

(ग) अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से अपंग नही होना चाहिए।

(घ) अभ्यर्थी में "नॉक–नी", "फ्लेट फुट" नही होना चाहिए। नॉक–नी एवं फ्लेट फुट संबंधी मांनदण्ड समस्त पदों के लिए अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य होना चाहिए। अभ्यर्थी को दृष्टि से संबंधित कोई रोग नही होना चाहिए। ऑखो की दृष्टि बिना चश्में के एक ऑख की 6/6 तथा दूसरी ऑख की 6/9 से कम नही होनी चाहिए। मुख्य रंगो का भेद करनें में अभ्यर्थियों को सक्षम होना चाहिए।

(4) **शैक्षणिक अर्हताएं.**–अभ्यर्थी के पास अनुसूची–तीन में दर्शाए अनुसार सेवा के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए:

परन्तु यह कि अपवादित मामलो में, समिति नियुक्ति प्राधिकारी की संस्तुति पर किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगी, जो यद्यपि इस खण्ड में विहित कोई भी शैक्षणिक अर्हता न रखता हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षा ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो जो समिति की राय में अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन के लिए उचित ठहराते हों।

परन्तु यह भी कि वे अभ्यर्थी, जो अन्यथा अर्ह हैं किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से, जो शासन के द्वारा विशिष्टतः मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय नहीं है, डिग्री प्राप्त की है, को भी समिति के विवेकानुसार परीक्षा/चयन में सम्मिलित होने के लिए विचार में लिया जा सकता है।

10. **निरर्हता.**– अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयत्न को, चयन समिति द्वारा उसे परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।

11. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा.**– परीक्षा/चयन उपस्थिति के लिए किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे समिति द्वारा प्रवेश प्रमाण पत्र जारी नही किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश के लिए अनुज्ञात नही किया जाएगा।

12. **प्रतियोगी परीक्षा/चयन द्वारा सीधी भर्ती.**–(1) **प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती:**–सेवा में भर्ती के लिए परीक्षा ऐसे अन्तरालों में होगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय–समय पर शासन के परामर्श से अवधारित करें।

(2) **चयन द्वारा सीधी भर्ती:**–(एक) सेवा में भर्ती के लिए चयन ऐसे अन्तरालो से किया जाएगा जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय–समय पर अवधारित करें।
(दो) सेवा के लिए अभ्यर्थियों का चयन, चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

(3) सीधी भर्ती के प्रक्रम पर, उन अभ्यर्थियों के लिए जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग से हैं, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार और राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार पद आरक्षित किए जाएंगे।

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों की, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम से किया जाएगा, जिस क्रम से उनके नाम नियम–13 में विनिर्दिष्ट सूची में आए हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के उन अभ्यर्थियों को, जिन्हे प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए योग्य घोषित किया गया हो, यथास्थिति अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उप–नियम (3) के अधीन आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(6) शासन के निर्देशानुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए 30% समस्तर एवं प्रभागवार (होरिजेन्टल) आरक्षण रहेगा।

परन्तु विभाग केबिनेट की पूर्व अनुमति से नियुक्ति के प्रतिशत को 10% तक कम कर सकेगा।

13. **समिति द्वारा सिफारिश किए गए अभ्यर्थियों की सूची.**— (1) समिति, उन अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम से एक सूची जो ऐसे स्तर से अर्हित हो जैसा कि समिति निर्धारित करे तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के उन अभ्यर्थियों की सूची जो यद्यपि उक्त स्तर के अनुसार अर्ह नही हैं, किन्तु फिर भी प्रशासन की दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किए गए हों, नियुक्ति प्राधिकारी को भेजेगी। यह सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाएगी।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधो के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हैं। विद्यमान रिक्तियों के अतिरिक्त आरक्षण नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए 25 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची बनाई जाएगी।

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नही हो जाता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाए, कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

14. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.**— (1) सीधी भर्ती के लिए (उपनिरीक्षक कार्टोग्राफर/फोटोग्राफर/एम. ओ.बी.) की अंतिम गुणागुण सूची (मेरिट लिस्ट) साक्षात्कार तथा बोनस अंकों में अभिप्राप्त अंको के आधार पर तैयार की जाएगी। नियुक्तियॉ पदों की उपलब्धता के अध्यधीन रहते हुए गुणागुण सूची से की जाएगी।

(2) एक समान कुल अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की परस्पर वरिष्ठता उनकी जन्मतिथि के आधार पर विनिश्चित् की जाएगी, यदि जन्मतिथि भी समान हो तो उनके रोल नम्बर के आधार पर निर्धारित की जाएगी। अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरिष्ठ माना जाएगा।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा, जारी की गई चयन सूची इसके जारी किए जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक विधिमान्य होगी।

15. **परिवीक्षा अवधि तथा प्रशिक्षण.**— (1) प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी के संबंध में उसका चरित्र सत्यापन किया जाएगा। सफल अभ्यर्थी, जिनका नाम चयन सूची (मेरिट लिस्ट) में आया है, को चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन तथा चिकित्सीय परीक्षण में अनुकूल पाए जाने पर दो वर्ष की परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी जिसे परिवीक्षा पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव भेजा गया हो, निर्दिष्ट स्थान तथा दिनॉक पर उपस्थित नहीं होता है, तो पुलिस महानिदेशक के आदेश द्वारा ऐसे अभ्यर्थी का नाम चयन–सूची से हटाया जा सकेगा तथा सक्षम प्राधिकारी ऐसे अभ्यर्थी की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव का आदेश जारी कर सकता है, जिसका नाम गुणागुण–सूची में ठीक नीचे दिया गया है तथा जिसे इस प्रस्ताव के लिए अन्यथा उपयुक्त पाया गया है।

(2) प्रशिक्षण में प्रवेश लेने पर, प्रत्येक अभ्यर्थी को राज्य शासन द्वारा यथा विहित वर्दी की अनुमानित लागत और सुरक्षा निधि (काशन–मनी) जमा करना होगा। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को केवल सुरक्षा निधि (काशन–मनी) जमा करना होगा।

(3) निर्धारित प्रशिक्षण, विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थाओं तथा अन्य इकाईयों में नियुक्ति के पश्चात् दिया जाएगा। निर्धारित लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक परीक्षा में असफल रहने तथा समय–समय पर निर्धारित मानदण्डों द्वारा प्रशिक्षण उद्देश्यों को पूरा न कर पाने की स्थिति में परिवीक्षा कालावधि बढ़ाई जा सकेगी या उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा।

16. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**— (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें अनुसूची–चार में वर्णित सदस्य होंगे। तथापि, यदि विभागीय पदोन्नति समिति में अध्यक्षता करने वाले अधिकारी को छोड़कर नामांकित किए गए अन्य सदस्यों में यदि कोई सदस्य

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तो समतुल्य रेंक के एक और अधिकारी को विभागीय पदोन्नति समिति में सम्मिलित किया जाएगा और विभागीय पदोन्नति समिति की सदस्य संख्या अपेक्षित सीमा तक बढाई जाएगी।

(2) समिति की बैठक सामान्यतः वर्ष में कम से कम एक बार होगी।

(3) ऐसे पदों में, जिसमें अनुसूची–दो में यथा विनिर्दिष्ट पदोन्नति की प्रतिशतता 25% या उससे अधिक हो, पदोन्नति के लिए उपलब्ध रिक्तियों के 16% तथा 23% रिक्त स्थान अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रखे जाएंगे, जों नियम–17 के अनुसार पदोन्नति के लिए पात्र हैं।

(4) आरक्षित रिक्तियों में, पदोन्नति के लिए प्रक्रिया शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार होगी।

17. **पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें.**– (1) उप–नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, समिति, उन सभी व्यक्तियों के मामले पर विचार करेगी, जिन्होनें उस वर्ष की एक जनवरी को, उन पदों पर, जिनसे कि पदोन्नति की जानी है या शासन द्वारा उसके समतुल्य घोषित किए गए किसी अन्य पद या पदों पर, उतने वर्षो की सेवा चाहे (स्थानापन्न या मूल रूप से) पूर्ण कर ली हो, जितनी कि अनुसूची–चार के कॉलम (5) में यथा विनिर्दिष्ट है और जो उप–नियम (2) के उपबंधो के अनुसार विचारार्थ क्षेत्र में आते हों।

(2) उन मामलों में जहॉ पदोन्नति उपयुक्तता के अध्यधीन रहतें हए वरिष्ठता सह–योग्यता के आधार पर अथवा जिनमें अनुपयुक्त व्यक्तियों को छोड़ कर, वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो, वहॉ कोई भी विचारण क्षेत्र नही होगा। प्रत्येक संवर्ग के केवल उतनी ही संख्या में शासकीय कर्मचारियों के प्रकरणों पर विचार किया जाएगा जो आगामी एक वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त हो।

18. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना.**– (1) विभागीय पदोन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो ऊपर उल्लेखित नियम–17 में निर्धारित शर्तो को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिए उपयुक्त ठहराया गया हो, यह सूची, चयन सूची के तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी। पूर्वोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अनवेक्षित रिक्तियों को भरने के लिए उक्त सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25% व्यक्तियों की एक आरक्षित सूची भी तैयार की जाएगी।

(2) ऐसी सूची में सम्मिलित करने के लिए चयन, वरिष्ठता के आधार पर होगा जिस पर गुणागुण तथा सभी दृष्टि से उपयुक्तता पर सम्यक ध्यान रखा जाएगा।

(3) ऐसी चयन सूची को तैयार करते समय, सूची में सम्मिलित किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम, उनकी सेवा अथवा पद में, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (3) में वर्णित है, उनके वरिष्ठता क्रम में व्यवस्थित रखे जाएंगे।

स्पष्टीकरण:– ऐसे व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो, किन्तु जो सूची कीं विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत न किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर, जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, वरिष्ठता का कोई दावा नहीं होगा।

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची प्रतिवर्ष पुनर्विलोकित तथा पुनरीक्षित की जाएगी।

(5) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रकिया में, सेवा के किसी सदस्य को अधिक्रमित किया जाना प्रस्तावित किया जाए, तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के लिए इसका कारण अभिलिखित करेगी।

19. **चयन सूची.**– (1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति द्वारा तैयार की गई सूची के साथ समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों पर विचार करेगा और जब तक वह कोई परिवर्तन करना आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे, तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों की सूचना समिति को देगा तथा समिति की टिप्पणियों, यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात् सूची को अंतिम रूप से ऐसे उपांतरणों, यदि कोई हो, के साथ अनुमोदित कर सकेगा, जो उसकी राय में न्यायपूर्ण तथा उचित हो।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई सूची उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में वर्णित पदों के लिए अनुसूची–चार के कॉलम (3) में वर्णित पदों से सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची सामान्यतः एक वर्ष के लिए या तब तक के लिए प्रवृत्त रहेगी, जब तक कि नियम–18 के उप–नियम (4) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण न किया जाए किन्तु उसकी विधिमान्यता उसके तैयार किए जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि के परे नही बढ़ाई जाएगी।

परन्तु यह कि, चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से कर्तव्य के निर्वहन अथवा पालन में गंभीर चूक होने की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी के अनुरोध पर, चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और विभागीय पदोन्नति समिति, यदि उचित समझे, तो ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी।

20. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.**– (1) चयन सूची में सम्मिलित व्यक्ति की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियाँ उसी क्रम से की जाएंगी, जिस क्रम में ऐसे व्यक्ति के नाम चयन सूची में आए हों।

परन्तु यह कि, जहाँ, प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं के कारण ऐसा करना अपेक्षित हो, वहाँ व्यक्ति जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित न हो, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा, यदि शासन का यह समाधान हो जाए कि रिक्तियाँ संभवतः तीन मास से अधिक अवधि के लिए नहीं है।

(2) साधारणतः ऐसा व्यक्ति जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित हो, की नियुक्ति के पूर्व विभागीय पदोन्नति समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किए जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में ऐसी कोई गिरावट न आ जाए, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा में नियुक्ति के लिए उसे अनुपयुक्त सिद्ध करता हो।

21. **निर्वचन.**– यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत होता है, तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

22. **शिथिलीकरण.**– इन नियमों में की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के संबंध में, जिसको ये नियम लागू होते है, ऐसी रीति से जो उसे उचित तथा साम्यपूर्ण प्रतीत हो, कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो।

23. **निरसन तथा व्यावृत्ति.**– इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त सभी नियम इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैः

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई कोई भी कार्रवाई इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधो के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जाएगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एन. उपाध्याय, सचिव.

क्रमांक एफ 2–115/दो-गृह/रापुसे/09.– भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना समसंख्यक दिनांक 29–07–2010 का हिन्दी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एन. उपाध्याय, सचिव.

अनुसूची–एक

(नियम–5 देखिए)

सेवा का वर्गीकरण, वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

सरल कमांक	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	स्वीकृत पदों की कुल संख्या	पदों का वर्गीकरण	वेतनमान		नियुक्ति प्राधिकारी
				वेतन बैंड	ग्रेड वेतन	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	निरीक्षक कार्टोग्राफर	01	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	9300–34800	4300	पुलिस महानिरीक्षक
2.	निरीक्षक फोटोग्राफर	03	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	9300–34800	4300	पुलिस महानिरीक्षक
3.	उप–निरीक्षक कार्टोग्राफर	–	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	9300–34800	4200	उप पुलिस महानिरीक्षक
4.	उप–निरीक्षक फोटोग्राफर	04	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	9300–34800	4200	उप पुलिस महानिरीक्षक
5.	उप निरीक्षक एम.ओ.बी.	03	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	9300–34800	4200	उप पुलिस महानिरीक्षक
6.	सहा0 उप निरीक्षक फोटोग्राफर	01	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	5200–20200	2400	उप पुलिस महानिरीक्षक
7.	प्रधान आरक्षक एम.ओ.बी.	04	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	5200–20200	2200	पुलिस अधीक्षक

अनुसूची–दो

(नियम–7 देखिए)

सरल कमांक	विभाग का नाम	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	कर्तव्य पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले कर्तव्य पदों की संख्या का प्रतिशत	
				सीधी भर्ती द्वारा	सेवा में कार्यरत सदस्यों की पदोन्नति द्वारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	गृह (पुलिस) विभाग	निरीक्षक कार्टोग्राफर	——	——	100 प्रतिशत
2.		निरीक्षक फोटोग्राफर	3	——	100 प्रतिशत
3.		उप निरीक्षक कार्टोग्राफर	——	100 प्रतिशत	——
4.		उप निरीक्षक फोटोग्राफर	2	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
5.		उप निरीक्षक एम.ओ.बी.	——	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
6.		सहा0 उप निरीक्षक फोटोग्राफर	——	——	100 प्रतिशत
7.		प्रधान आरक्षक एम.ओ.बी.	——	——	100 प्रतिशत

अनुसूची–तीन

(नियम -9 देखिए)

सरल कमांक	सेवा का नाम	पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	शैक्षणिक अर्हताएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालक (तृतीय श्रेणी अराजपत्रित उप निरीक्षक कार्टोग्राफर/फोटोग्राफर/ए म.ओ.बी.) सेवा	उप निरीक्षक कार्टोग्राफर	24 वर्ष	33 वर्ष	शासकीय या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि
2.		उप निरीक्षक फोटोग्राफर	24 वर्ष	33 वर्ष	शासकीय या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की उपाधि एवं मान्यता प्राप्त संस्था से फोटोग्राफी/ विडीयोग्राफी में डिप्लोमा
3.		उप निरीक्षक एम.ओ.बी.	24 वर्ष	33 वर्ष	शासकीय या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीसीए या एमसीए उपाधि

अनुसूची–चार
(नियम–17 देखिए)

सरल कमांक	विभाग का नाम	उस पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	पदोन्नति हेतु अपेक्षित न्यूनतम सेवा अवधि	विभागीय पदोन्नति समिति क गठन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	गृह (पुलिस) विभाग	उप–निरीक्षक कार्टोग्राफर	निरीक्षक कार्टोग्राफर	5 वर्षों की निरन्तर सेवा	1. पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– अध्यक्ष 2. उप पुलिस महानिरीक्षक (दो) (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– सदस्य
2.		उप–निरीक्षक फोटोग्राफर	निरीक्षक फोटोग्राफर	8 वर्षों की निरन्तर सेवा 6 वर्ष– सीधी भर्ती किए गए वे जिन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 6 वर्षों की निरन्तर सेवा कर ली हो 5 वर्ष विभागीय पदोन्नत, 4 वर्ष– विभागीय पदोन्नत किए गए वे जिन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 4 वर्षों की निरंतर सेवा कर ली हो।	1. पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित) अध्यक्ष 2. उप पुलिस महानिरीक्षक (दो) (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– सदस्य
3.		सहा0 उप–निरीक्षक फोटोग्राफर	उप–निरीक्षक फोटोग्राफर	3 वर्ष	1. पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– अध्यक्ष 2. उप पुलिस महानिरीक्षक (दो) (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– सदस्य
4.		प्रधान आरक्षक एम.ओ.बी.	उप–निरीक्षक एम.ओ.बी.	8 वर्षों की निरन्तर सेवा	1. वरिष्ठतम उप पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– अध्यक्ष 2. अन्य दो (पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित)– सदस्य

टीपः– सहायक उप–निरीक्षक (एम.ओ.बी.) का पद न होने पर प्रधान आरक्षक एम.ओ.बी को उप–निरीक्षक एम.ओ.बी. के रूप में पदोन्नति के लिए सीधे नामांकित किया जा सकता है।

Raipur, the 29th July 2010

NOTIFICATION

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules relating to the recruitment in the Chhattisgarh Police Executive (Class-III Non-Gazetted Sub Inspector Cartographer/Photographer/MOB) Services, namely:-

RULES

1. **Short title,extent and commencement.** – (1) These Rules may be called the Chhattisgarh Police Executive (Class-III Non-Gazetted Sub Inspector Cartographer / Photographer /M.O.B) Service Recruitment Rules, 2010.

(2) It extends to the whole State of Chhattisgarh.

(3) It shall come in to force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**- In these rules, unless the context otherwise requires:-

(a) "Appointing Authority" in respect of the service means Authority specified in Schedule-I;

(b) "Selection Committee" means a Selection Committee constituted by the Head of Department for the purposes of recruitment under clause (a) of sub-rule (1) of Rule 6;

(c) "Examination" means Competitive Examination conducted for the recruitment under rule-11;

(d) "First Phase" means physical measurement and physical proficiency test;

(e) "Second Phase" means interview;

(f) "Schedule" means schedule appended to these Rules;

(g) "Scheduled Castes" means Scheduled Castes specified in relation to this State under Article 341 of the Constitution of India;

(h) "Scheduled Tribes" means Scheduled Tribes specified in relation to this State under Article 342 of the Constitution of India;

(i) "Other Backward Classes" means Other Backward Classes of the citizens as specified in Notification No. F-8-5- XXV-4-84, Dated 26 December, 1984 as amended from time to time;

(j) "State" means the State of Chhattisgarh;

(k) "Service" means the Chhattisgarh Police Executive Class-III, Non-Gazetted) Sub Inspector Cartographer /Photographer /M.O.B) Service;

(l) "Governor" means the Governor of Chhattisgarh;

(m) "Government" means the Government of Chhattisgarh.

3. **Scope and Application.**- Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Chhattisgarh Civil Services (General Conditions of Service) Rules, 1961 these rule shall apply to every member of the Service.

4. **Constitution of the Service.**- The Service shall consist of the following persons namely:-
(1) Persons, who at the commencement of these rules are holding substantively post specified in Schedule-I;

(2) Persons, recruited to the service before the commencement of these rules; and

(3) Persons, recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification and Scale of Pay etc.** - The classification of the service, the number of posts included in the service and the scale of pay attached thereto, shall be as specified in Schedule-I:

